





# छोटे भूमाफियाओं पर एफआईआईआर, बड़ों पर कब होगी...?

## कांग्रेस के जनपद अध्यक्ष की कॉलोनी पर एफआईआर, भाजपा के नगर परिषद अध्यक्ष को दिया लाभ

**शाजापुर, 3 अगस्त. जो रसूखदार और बड़े भूमाफिया हैं, जिनकी अवैध कॉलोनियां हैं, उनके खिलाफ अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई, लेकिन छोटे भूमाफियाओं और अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ कालापीपल थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है. जिस अवैध कॉलोनी में 100 से ज्यादा प्लॉट बिके, उन पर एफआईआर नहीं और जिसने एक प्लॉट बेचा, उस पर दर्ज हुई एफआईआर. वहीं दूसरी ओर एक ही जुर्म के लिए दो सजाएं मिली हैं अवैध कॉलोनी के कॉलोनाइजरों को. पहले जुर्माना ठोका और अब एफआईआर.**

गौरतलब है कि शुजालपुर अनुभाग अंतर्गत शुजालपुर एसडीएम पर दो कॉलोनाइजरों ने आरोप लगाया था कि दो पर एफआईआर हुई, बाकी को छोड़ दिया. इस मामले को नवभारत ने प्रमुखता से उठाया था. खबर के बाद जो कॉलोनाइजर बच गए थे, उनमें से कुछ के खिलाफ बीती रात कालापीपल थाने में एफआईआर दर्ज की गई. लगभग 1 दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. जिन अवैध कॉलोनाइजरों पर एफआईआर हुई है, उन सब ने मिलकर अपनी-अपनी कॉलोनियों में कुल 105 प्लॉट विक्रय किए हैं. और जिनके खिलाफ एफआईआर नहीं की गई है, उन अवैध कॉलोनाइजरों की कॉलोनी में लगभग 462 प्लॉट बिके हैं. अब देखना है कि बाकी कॉलोनाइजरों पर एफआईआर होती है या फिर इतनी एफआईआर के बाद मामला खत्म होता है.

### इनके खिलाफ हुई एफआईआर...

अवैध कॉलोनी के मामले में कालापीपल पुलिस ने कमल पिता घनश्याम सोनी, पवन पिता विष्णु सोनी, रानी पति सुरेश सोनी, दिनेश पिता सोहनलाल सांकला, ऋतु पति दिनेश शर्मा, ममता बाई पति अशोक परमार, राकेश पिता हेमराज सोनी, अशोक कुमार पिता धन्नालाल पाटीदार, धन्नालाल पिता पूरणमल सेन, भरत पिता खुशीलाल परमार, तनप्रीत सिंह पिता दलजीत सिंह, वल्लभ पिता गंगाप्रसाद पाटीदार, राकेश पिता सुभाष सिंह मेवाड़ा, नारायण पिता मूलचंद गेहलोत, लक्ष्मीनारायण पिता भोजराज पाटीदार के खिलाफ नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानों के विपरित नगरीय क्षेत्र में अवैध कॉलोनी का निर्माण करने पर एफआईआर दर्ज की गई है.

### जनपद अध्यक्ष आए लपेटे में, भाजपा अध्यक्ष को पुरानी कॉलोनी का मिला लाभ

शुजालपुर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा प्रकरण क्रमांक 003 वर्ष 2025-26 भरतसिंह पिता खुशीलाल, तनप्रीत सिंह पिता दलजीत सिंह के भूमि सर्वे क्रमांक 313, 377 की अवैध कॉलोनी में 30 प्लॉट विक्रय करने के मामले में पहले जुर्माना किया गया और अब उनके परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. इसी प्रकार पानखेड़ी नगर परिषद अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल की पत्नी नीना अग्रवाल और सोनिया पति सतीश अग्रवाल को भी शुजालपुर एसडीएम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की गई थी. जिसका भूमि सर्वे 385 है. इनके द्वारा 102 प्लॉट बेचे गए हैं. जनपद अध्यक्ष के परिजन और नगर परिषद अध्यक्ष के परिजनों ने नोटिस के जवाब में लिखा था कि ग्राम पंचायत का यह नियम ग्राम पंचायत पानखेड़ी पर लागू नहीं होता है, क्योंकि ये अस्तित्व में नहीं थी. वर्ष 2007-08 में ये भूखंड विक्रय किए गए थे. नगर परिषद अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल के परिजन और जनपद अध्यक्ष भोजराज पंवार के परिजन दोनों का जवाब लगभग एक जैसा था, लेकिन जनपद अध्यक्ष के परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. क्योंकि जनपद अध्यक्ष के परिजनों ने नई जमीन लेकर हाल ही में भूखंड बेचे थे. लेकिन नगर परिषद अध्यक्ष के परिजनों के खिलाफ एफआईआर इसलिए दर्ज नहीं की गई, क्योंकि उन्होंने 2016 के पहले कॉलोनी काटी थी.

### बड़े भूमाफियाओं पर एफआईआर नहीं की गई, छोटों पर हुई

कालापीपल में अवैध कॉलोनी को लेकर शुरू से ही संशय की स्थिति बनी हुई है. जिन अवैध कॉलोनी में एक-दो या दस प्लॉट बिके हैं, उन पर तो एफआईआर दर्ज कर ली गई है, लेकिन जिन अवैध कॉलोनियों में 50 से अधिक प्लॉट बिके हैं, उन पर एफआईआर अभी दर्ज नहीं की गई है. हालांकि जानकारी के अनुसार कालापीपल की जिन भी अवैध कॉलोनियों को नोटिस जारी किए गए हैं, उन सब अवैध कॉलोनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का दावा किया गया है. अब देखना यह है कि कब तक बड़े भूमाफियाओं के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज होती है.

**इनका कहना है**

*नगर परिषद पानखेड़ी सीएमओ से प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था, जिस पर एफआईआर दर्ज की गई है. और प्रतिवेदन जैसे ही प्राप्त होंगे, आगामी कार्यवाही की जाएगी.*

***- निमेष देशमुख, एसडीओपी, शुजालपुर***

### इन पर अभी नहीं की गई एफआईआर

दिलीप सिंह पिता ब्रजभानसिंह, तेजसिंह पिता अनूपसिंह 33 प्लॉट, शैलेष, लोकेश पिता हरिप्रसाद, वंदना शिवपुरिया पति विशाल शिवपुरिया 20 प्लॉट, दिलीप सिंह पिता बावर सिंह मेवाड़ा 30 प्लॉट, जीतमत पिता रामबख्श 57 प्लॉट, राजेंद्र पिता तोलाराम 70 प्लॉट, माखनसिंह पिता फूलसिंह, गंगाबाई 135 प्लॉट, अनामिका पति अशोक जैन 28 प्लॉट, हेमराज पिता अनारसिंह, गजराज पिता बापूसिंह, दिनेश पिता धनसिंह 122 प्लॉट. इनकी अवैध कॉलोनियों पर अभी कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है. देखना है कि अन्य कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, तो इनके खिलाफ भी एफआईआर होगी या नहीं.

## एक नजर में

### स्कूली बच्चों को पर्यटन विभाग कराएगा भ्रमण

**सुसनेर, 3 अगस्त.** मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित परीक्षा में इस वर्ष शहर के श्री दर्शन सागर हायर सेकेंडरी स्कूल के भैया अमन परमार एवं अजय जैन व बहन रितिका जैन द्वारा उपलब्धि हासिल की गई. क्विज मास्टर शरद कुमार बंसिया के अनुसार पूरे जिले में 6 टीम रहेगी. जिसमें से 3 टीमें विजेता और 3 टीम उपविजेता के रूप में चयनित बच्चों को मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा चयनित पर्यटन स्थल का भ्रमण पुरस्कार स्वरूप कराया जाएगा. यह कार्य विद्यालय के शिक्षक ईश्वर बरेठा का मार्गदर्शन में किया गया है. उक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य दिनेश जैन के द्वारा दी गई. इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और स्कूल के बच्चों ने इसके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की है.

### बद्रीलाल कुम्भकार बने तहसील अध्यक्ष

**मोहन बड़ोदिया, 3 अगस्त.** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन संगठन के शाजापुर जिलाध्यक्ष रघुवीरसिंह पंवार द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मोहन बड़ोदिया के सेवानिवृत शिक्षक बद्रीलाल कुम्भकार को तहसील मोहन बड़ोदिया का अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इस दौरान मोहन बड़ोदिया तहसील के पेंशनर्स नरेंद्र कुमार सक्सेना, द्वारका प्रसाद शर्मा, पूरालाल रुपरिया, भंवरलाल कारपेंटर, आत्माराम भिलाला, भेरुलाल जामलिया आदि ने हर्ष व्यक्त किया. बता दें प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की तहसील मोहन बड़ोदिया शाखा द्वारा शनिवार को जनपद पंचायत मोहन बड़ोदिया से सेवानिवृत हुए अशोक शर्मा एवं रमेश शर्मा का शॉल श्रीफल से स्वागत किया गया.

### मोहन बड़ोदिया थाने में दर्ज हुआ दुष्कर्म का मामला

**मोहन बड़ोदिया, 3 अगस्त.** मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. पीड़िता ने अपने भाई के साथ मोहन बड़ोदिया थाने पहुंचकर शनिवार रात को शिकायत दर्ज कराई है. मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता मजदूरी का काम करती है. उन्होंने पुलिस को बताया कि 29 जुलाई 2025 को नागपंचमी के दिन रात में खाना खाकर वह और उनके बच्चे सो गए थे. रात लगभग 12 बजे गोपाल सिंह ने उनके घर का दरवाजा बजाया. जब पीड़िता ने दरवाजा खोला तो गोपाल सिंह घर में घुस आया. उसने धमकी दी कि अगर वह चिल्लाएगी तो जान से मार देगा. इसके बाद उसने दुष्कर्म किया. आरोपी ने पीड़िता को धमकाया कि वह किसी को यह बात न बताए. बदनामी के डर से पीड़िता चुप रही. लेकिन शुक्रवार को आरोपी ने शाम करीब 4 बजे उसका पीछा किया. मोहन बडोदिया सीमेंट की दुकान के सामने मेन रोड पर उसे रोका और 500 रुपये देकर गलत काम करने के लिए कहा. जब पीड़िता ने मना किया तो आरोपी ने उसे धमकी दी और गालियां दी. इसके बाद वह वहां से चला गया. पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर घटना के बारे में अपने मौसी के लड़के को बताया. जिसके साथ वह थाने पहुंची. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास ने रविवार सुबह 11 बजे जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी गोपालसिंह पिता घासीराम निवासी टिगरिया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. फरार आरोपी की तलाश की जा रही है.

### मकराना के सफेद पत्थरों से सजेगा गर्भगृह



**सुसनेर, 3 अगस्त.** नगरवासियों की आस्था का केन्द्र मेला ग्राउंड स्थित शीतला माता मंदिर का गर्भगृह अब जल्द ही राजस्थान के मकराना के सफेद पत्थरों से चमकेगा. इसके लिए निर्माण कार्य की शुरुआत गत दिनों भूमिपूजन कर की जा चुकी है. लाखों रुपए की लागत से बनने वाला यह गर्भगृह पूरे नगर में आकर्षण का केन्द्र रहेगा. बता दें कि राजस्थान के कलाकार इसे नए रूप में बनाएंगे. इसके लिए जनसहयोग की राशि भी समिति के द्वारा एकत्रित की जा रही है. स्मरण रहे कि शहर में शीतला माता का यह एक मात्र मंदिर है. जहां पर विवाह के दौरान दूल्हा-दुल्हन यहीं पर माता पूजन की रस्म पूरी करने के लिए पहुंचते हैं. मान्यता है कि इनके आशीर्वाद के बगैर हिन्दू धर्म में विवाह सम्पन्न नहीं होता है. इसलिए अब इस मंदिर के जीर्णोद्धार के प्रति समिति और शहरवासियों की आस्था जागृत हुई है, जिसके चलते बीते वर्षों में मंदिर की छत, पीलर व दीवारें खड़ी करके तैयार की गई हैं और अब गर्भगृह का कार्य किया जा रहा.

# अतिक्रमण हटाने आए दल को वापस लौटाया

## आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमण को हटाने के स्थान पर शेड तोड़ रहा था अमला



**शुजालपुर, 3 अगस्त. मंडी क्षेत्र में जिस दिन साप्ताहिक हाट बाजार लगता है उसी दिन प्रशासनिक अमला नगर पालिका के सहयोग से मंडी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की. बिना सूचना और नोटिस के इस कार्रवाई को देख व्यापारियों में आक्रोश उत्पन्न हो गया और व्यापारियों ने एकजुट होकर इसका विरोध किया.**

अतिक्रमण हटाने आया अमला जेसीबी की मदद से धूप और पानी से बचाव के लिए दुकानों के बाहर लगे शेड को तोड़ रहा था, जिसे देखकर व्यापारियों में आक्रोश उत्पन्न हो गया. इस आक्रोश के चलते कुछ समय के लिए नेशनल हाईवे पर चक्का जाम भी किया गया. व्यापारियों के आक्रोश को देख मुहिम बंद करनी पड़ी और अधिकारी वापस लौट गए. नगर पालिका द्वारा बिना प्लानिंग व सूचना दिए की गए कार्रवाई का लोगों ने विरोध किया.

#### बाधा उत्पन्न करने वाले पर हो करवाई

व्यापारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से भी चर्चा की, उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़कों पर वाहनों के आवागमन में जो बाधक बनते हैं उस पर कार्रवाई की जाए, उन्हें हटाया जाए, जो स्थान वाहनों के आवागमन से काफी दूर है उस पर कार्रवाई करना उचित नहीं. एमजी रोड पर पुलिस चौकी चौराहे से लेकर रोकडिया हनुमान मंदिर तक ट्रैफिक जाम लगने के पीछे सड़कों पर खड़े रहने वाले हाथ ठेले व वाहन है, जिस पर प्रशासन को नियमित रूप से कार्रवाई करना चाहिए. फलों किए वर्षों से दुकानें टैंपो चौराहे से लेकर आगे तक लगती आ रही है. लेकिन पिछले कुछ समय से पोस्ट ऑफिस के सामने बड़ी संख्या में सड़कों पर ठेले खड़े होने लगे इसकी वजह से यहां पर जाम लगता है. प्रशासन को आवागमन सुलभ करने के लिए जो कार्रवाई करनी थी उसके स्थान पर प्रशासन है हवा में लगे छज्जे तोड़ना शुरू कर दिए, व्यापारियों के विरोध का प्रमुख कारण यही रहा. उधर नगर पालिका ने किसी प्रकार की मुनादी या सूचना भी नहीं दिए.

#### कई दुकानदारों का हजारों का नुकसान

अतिक्रमण हटाने की यह कार्य पुलिस चौकी चौराहे के समीप से हुई, पुलिस चौकी की बाउंड्री स्वयं अतिक्रमण में है इससे काफी पीछे स्थिति बनी दुकानों के बाहर लगे शेड तोड़े गए, इसके उपरांत नगर पालिका की जेसीबी से पानी की टंकी के आगे एमजी रोड पर कुछ दुकानदारों की दुकानों के बाहर बारिश की बैछारों व धूप से बचने के लिए लगाए गए तीन सेट तोड़े गए. उक्त टीन शेड एमजी रोड पर विद्युत पोल के पीछे लगे हुए थे, जिससे कहीं पर भी कोई आवागमन बाधित नहीं होता है. कुछ समय के लिए हुई इस तोड़फोड़ के कारण दुकानदारों को हजारों रुपए का नुकसान हो गया, जिसकी भरपाई के लिए इन दुकानदारों ने पत्र भी सोपे और प्रशासन को घेरा.



# डाक बंगला तिराहे पर एनएचएआई बना रहा जंक्शन



डाक बंगला तिराहे पर जंक्शन डेवलपमेंट के तहत बनाया जा रहा डिवाइडर

**सुसनेर, 3 अगस्त. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी के एनएचएआई के द्वारा नगरीय क्षेत्र में डाक बंगला तिराहे पर वाहनों की सुगम आवाजाही के लिए जंक्शन डेवलपमेंट किया जा रहा है. जिसके अन्तर्गत सड़क के दोनों और त्रिभुज बनाकर के सड़क के बीचों-बीच सीमेंट कांक्रीट से डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा है. इसके बन जाने के बाद वाहन चालक यातायात नियमों के अनुसार अपनी-अपनी साइडों से ही आना जाना कर सकेंगे. साथ ही इन त्रिभुज और डिवाइडर के बीच में रिक्त पड़ी जगह पर छोटे पेड़-पौधे लगाए जाएंगे.**

यह फैसला एनएचएआई ने डाक बंगला तिराहे के ब्लेक स्पॉट घोषित किए जाने के बाद लिया है. आपको बता दें की एनएचएआई द्वारा उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग टू लेन सड़क का निर्माण किया गया है और इसी पर डाक बंगला तिराहा स्थित है. जिस पर सड़क दुर्घटनाएं बढ़ने के कारण पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने ब्लैक स्पॉट के रूप में चयनित कर इसकी जानकारी एनएचएआई को भेजी थी. उसके बाद एनएचआई द्वारा शहरी क्षेत्र में करीब 2 किलोमीटर के क्षेत्रफल में करीब 8 स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाए थे और अब डाक बंगले पर यातायात नियमों का पालन करने व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से जंक्शन का निर्माण किया जा रहा है. इंजीनियर पीके मिश्रा के अनुसार यातायात नियमों का पालन कराने के लिए इस जंक्शन का डेवलपमेंट किया जा रहा है. जिसके तहत सड़क के दोनों और त्रिभुज बनाकर बीच में डिवाइडर बनाया जा रहा है. इससे वाहन चालकों को सुविधा होगी.

### सेवानिवृत हुए वर्मा

**शुजालपुर, 3 अगस्त.** 41 वर्षों तक पुलिस विभाग में अपनी सेवा देने वाले उपनिरीक्षक पुलिस हरिनारायण वर्मा का विदाई समारोह का आयोजन रविवार को अरनिया कलां पोचनेर रोड स्थित गार्डन में किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में लोगों द्वारा उनका पुष्प माला एवं शाल श्रीफल तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया. वर्मा सब इंस्पेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं वर्तमान में सीहोर जिले के आष्टा में दे रहे थे. उनके कार्य को देखते हुए पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा उनको सम्मानित भी किया जा चुका है. विदाई समारोह में उनके सहयोगी एवं ईस्ट मित्रों ने पहुंचकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

# भाजपा जिला कार्यसमिति की वृहद बैठक आयोजित

**शाजापुर, 3 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर रविवार को सुबह 11 बजे से जिला कार्यसमिति की वृहद बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह तथा उससे जुड़े विभिन्न जनजागरण अभियानों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई.**

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आगामी 10 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान जिलेभर में जोर-शोर से चलाया जाएगा. इस दौरान प्रत्येक बूथ स्तर पर घर-घर तिरंगा फहराने का अभियान चलेगा. उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि तिरंगे का उपयोग उसकी गरिमा, सम्मान एवं प्रोटोकॉल के अनुसार हो. बच्चों के हाथों तिरंगा फहराने जैसे आयोजन प्रेरणादायक बनें. 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर विस्थापितों को आमंत्रित कर गोष्ठी, मौन जुलूस जैसे आयोजन भी प्रस्तावित हैं. 16 अगस्त को भाजपा विचार पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि बूथ स्तर पर मनाई जाएगी. इनमें कार्यकर्ता शामिल होंगे.

# जटाशंकर महादेव मंदिर से शाही सवारी आज

## 11 तोपों से दी जाएगी सलामी




**शुजालपुर, 3 अगस्त. नगर स्थित प्राचीन जटाशंकर महादेव मंदिर से शाही सवारी का आयोजन सोमवार को होगा. यहां सवारी सिटी व मंडी दोनों ही क्षेत्र में निकाली जाएगी.**

मंदिर पूजारी ने जितेन्द्र आचार्य ने बताया कि सोमवार को दोपहर 1 बजे जटाशंकर मंदिर परिसर से शाही सवारी का शुभारंभ होगा, इसके पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार बाबा जटाशंकर का राज तिलक करेंगे. यह शाही सवारी अकोदिया नाका, शनि मंदिर होते हुए सिटी में काली माता मंदिर पंहुचेगी, जहां शिव शक्ति मिलन समारोह होगा, इसके उपरांत तहसील चौराहा होते हुए वापस नगर पालिका के सामने से गुजर कर फोरलेन मार्ग पर पहुंचेगी. यहां से यह यात्रा मंडी में प्रवेश कर श्रीनगर कॉलोनी, दिगम्बर जैन मंदिर, झंडा चौक, रोकडिया हनुमान मंदिर, टेम्पों चौराहा, पुलिस चौकी चौराहा व फोरलेन मार्ग से वापस प्रारंभिक स्थल पर पहुंचेगी. इस शोभायात्रा को लेकर नगर में भव्य तैयारियां की जा रही है. मंडी क्षेत्र में एटीएम चौराहे के समीप भक्तों द्वारा 11 तोपों से भगवान की अगवानी की जाएगी.

## एक नजर में — अगस्त में तीज-त्यौहारों का सिलसिला शुरू

# भाई-बहन के स्नेह और कान्हा के जन्मोत्सव की रहेगी धूम

**सुसनेर, 3 अगस्त. अगस्त माह की शुरुआत हो गई है और श्रावण माह भी चल रहा है. अगस्त माह में ही हिंदू कैलेंडर का भादौ माह शुरू हो जाएगा. सावन-भादौ का यह संगम सनातनियों के लिए खुशियों का संगम होगा. इन दो हिंदी महीनों में तीज त्योहारों की धूम रहेगी.**

रक्षाबंधन के साथ राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस भी होगा. हर दूसरे दिन एक कोई व्रत, कोई पर्व रहेगा. विशेषकर महिलाओं के लिए व्रतों की एक श्रृंखला शुरू होगी. जिसके लिए महिलाओं ने तैयारियां भी शुरू कर दी है. बाजारों में भी तीज त्योहारों का असर दिखाई देगा. व्यापारियों ने भी तैयारियां शुरू कर दी है. सबसे पहले रक्षाबंधन के लिए राखी, कपड़ा बाजार सजने लगे हैं. आने वाले दिनों में रक्षाबंधन, भुजरिया, जन्माष्टमी, गणेश उत्सवए, हरतालिका तीज, ऋषि पंचमी, संतान सप्तमी के साथ आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस का जश्न भी दिखाई देगा. यही वजह है कि अब सावन माह का अंतिम पड़ाव आने और रक्षाबंधन नजदीक आने से भाई बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन की तैयारियां शहर में शुरू हो गई है. राखियों के लिए बाजार तैयार हैं.

### खुशियों वाला अगस्त, सात बार सर्वार्थ सिद्धि

अगस्त में खरीदारी के लिए भी शुभ योग बन रहे हैं. सभी प्रकार के सिद्धि प्रदान करने वाला सर्वार्थ सिद्धि योग पूरे माह में सात बार आएगा. इसमें 21 अगस्त को गुरु पुष्य योग का संयोग बनेगा, इसी प्रकार दो बार अमृत सिद्धि और एक बार त्रिपुष्कर योग का संयोग भी बनेगा. वहीं 18 और 21 अगस्त को अमृत सिद्धि योग रहेगा, जबकि 30 अगस्त त्रिपुष्कर योग रहेगा.

#### ग्रहों का होगा राशि परिवर्तन

पंडित गोविंद शर्मा के अनुसार अगस्त माह में रक्षाबंधन 9 अगस्त पूर्णिमा तिथि में मनाया जाएगा. इस बार भद्रा 8 अगस्त रात्रि को समाप्त हो जाएगी. सूर्य उदय से ही रक्षाबंधन का त्योहार शुरू होगा. अगस्त माह में कई ग्रहों का राशि परिवर्तन भी होगा, इसके कई शुभ अशुभ प्रभाव दिखाई देंगे. सूर्य 17 अगस्त को सिंह राशि में प्रवेश करेंगे, इसी प्रकार वक्री चल रहे बुध 4 अगस्त को मार्गी होंगे और 29 को सिंह राशि में प्रवेश करेंगे. बुध के इस बदलाव से व्यापार जगत में परिवर्तन दिखाई देंगे.

#### ये हैं प्रमुख तीज त्योहार

- 04 अगस्त- सावन सोमवार
- 05 अगस्त- पुत्रदा एकादशी
- 09 अगस्त- रक्षाबंधन
- 10 अगस्त-भुजरिया
- 14 अगस्त-हलषष्ठी
- 15 अगस्त- स्वतंत्रता दिवस
- 16 अगस्त-श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
- 17 अगस्त-गोगा नवमी
- 19 अगस्त-जया एकादशी
- 26 अगस्त-हरतालिका तीज
- 27 अगस्त-गणेश चतुर्थी
- 28 अगस्त-ऋषि पंचमी
- 30 अगस्त- संतान सप्तमी
- 31 अगस्त- राधा अष्टमी

### सिंधी समाज की प्रतिभाओं का भोपाल में होगा सम्मान

**शुजालपुर, 3 अगस्त.** भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति द्वारा सिंधी समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए 17 अगस्त को प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविंद्र भवन भोपाल में किया जा रहा है. भारतीय सिंधु सभा के उज्जैन संभाग प्रभारी खुशीराम आचार्य ने बताया कि राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में वर्ष 2024-25 की दसवीं कक्षा की परीक्षा में 90 प्रतिशत, कक्षा 12वीं में 85 प्रतिशत डिग्री परीक्षाओं में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के अलावा एमबीबीएस, इंजीनियरिंग या समकक्ष डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा.